“श्रम धाम” की अवधारणा लोगों में एकता और भाईचारे की भावना को बढ़ाती है: लोक सभा अध्यक्ष

...

आवास मनुष्य की मूलभूत आवश्यकता है और सरकार का दायित्व भी: लोक सभा अध्यक्ष

...

लोक सभा अध्यक्ष ने गोवा के काणकोण, में लाभार्थियों को नए मकानों की चाबियाँ सौंपी

...

लोक सभा कैंप कार्यालय (गोवा); 15 जून, 2022: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज अपने एक दिवसीय गोवा प्रवास के दूसरे चरण में गोवा राज्य के काणकोण, में लाभार्थियों को श्री बलराम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बनाए घरों की चाबियाँ सौंपी। इस अवसर पर श्री बिरला ने गोवा विधान सभा के अध्यक्ष श्री रमेश तावड़कर द्वारा गरीब एवं अभावग्रस्त लोगों के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। श्री तावड़कर द्वारा अपने निर्वाचन क्षेत्र के वंचित वर्गों को आश्रय प्रदान करने के लिए ‘श्रम धाम’ की अनूठी और मानवीय पहल का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने विश्वास व्यक्त किया कि इस पहल से पूरे देश को लाभ होगा।

गोवा के मुख्य मंत्री डॉ प्रमोद सावंत तथा केन्द्रीय मंत्री श्री श्रीपद नाइक समेत अन्य गण्यमान्य व्यक्ति भी इस मौके पर मौजूद रहे।

इस अवसर पर श्री बिरला ने विचार व्यक्त किया कि आवास मनुष्य की मूलभूत आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा कि सुरक्षा, शिक्षा, खाद्य और सामाजिक सुरक्षा जैसे अन्य मूलभूत मानवाधिकारों के अलावा सभी परिवारों को सुरक्षित और पर्याप्त आवास सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में ध्यान देना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सरकार उन लोगों के हितों की सुरक्षा करना चाहती है जो अपने जीवन भर की कमाई घर खरीदने के लिए लगा देते हैं और इस दिशा में केन्द्र और राज्य सरकार ने कई योजनाएं बनाई हैं। श्री बिरला ने यह भी बताया कि इन योजनाओं का उद्देश्य घर खरीदने वालों के हितों की सुरक्षा करना है।

यह उल्लेख करते हुए कि प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार का एक बड़ा एजेंडा समाज का समग्र विकास है, श्री बिरला ने कहा कि मोदीजी के दूरदर्शी मार्गदर्शन में, भारत सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी महत्वपूर्ण योजना आरंभ की जिसका उद्देश्य कच्चे और जीर्ण-शीर्ण मकानों में रह रहे सभी लाभार्थियों को पक्के आवास प्रदान करना है जिनमें सभी प्रकार की बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि अब सरकार का लक्ष्य अलग-अलग भौगोलिक परिस्थितियों के हिसाब से आवास निर्माण करना है। लोक सभा अध्यक्ष ने आगे कहा कि सरकार की इन पहलों के तहत लाभार्थियों को सभी बुनियादी सुविधाओं से युक्त ऑल-वेदर पक्के मकान उपलब्ध कराए जाएंगे।

श्री बलराम चैरिटेबल ट्रस्ट के विजन, कार्य और उद्देश्य की सराहना करते हुए श्री बिरला ने हर्ष व्यक्त किया कि गोवा वासियों के लिए सौभाग्य की बात है कि श्री बलराम चैरिटेबल ट्रस्ट "श्रम धाम" जैसी अभूतपूर्व पहल करने जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि "श्रम धाम" की अवधारणा अनोखी है, यह लोगों में एकता और भाईचारे की भावना को बढ़ाती है तथा जनप्रतिनिधियों के साथ ही समाज के सभी वर्गों के लिए अनुकरणीय है।

श्री बिरला ने गोवा विधान सभा के अध्यक्ष श्री रमेश तवाड़कर के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जन सहयोग और श्रमदान से सामूहिक प्रयासों का सकारात्मक नतीजा मिला है। सबके श्रम और सबके धन की इस अनूठी पहल को श्री बिरला ने जनशक्तिकरण का जीता जागता उदाहरण बताया।

इस अवसर पर श्री बिरला ने श्री बलराम रेजिडेंशियल हाई स्कूल का भी दौरा किया एवं स्कूल के बच्चों और अध्यापकों से बातचीत की।